कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 26.04.2025

विषय:- दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0078/2025 धारा 80(2)/85 बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक चौधरी पुत्र मक्खन चौधरी निवासी ग्राम डोमरी थाना रामनगर कमि0 वाराणसी को दिनांक 26.04.2025 को डोमरी घाट के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रामनगर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 26.04.2025, स्थान- डोमरी घाट थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

अभियुक्त का विवरण-

1-अभिषेक चौधरी पुत्र मक्खन चौधरी निवासी ग्राम डोमरी थाना रामनगर कमि0 वाराणसी उम्र 24 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 25/04/2025 को वादी मुकदमा ने लिखित तहरीर दिया कि मेरी पुत्री के ससुराल वालों द्वारा मेरी पुत्री पुष्पा चौधरी उम्र 22 वर्ष को ससुराल वालो द्वारा दहेज के लिए प्रताडित करना तथा न देने पर मारकर गंगा नदी मे फेक देने के सम्बन्ध सूचना मिली। सूचना पर वादी मुकदमा के लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0078/2025 धारा 80(2)/85 बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट पंजीकृत हुआ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अरुण कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0न0 श्री पंकज कुमार मिश्रा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 सूर्यप्रकाश तिवारी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 शक्तिरमण पाल थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी
कमिश्नरेट वाराणसी